>

Title: Need to extend social security benefits to the taxpayers in the country-laid.

श्री अविनाश राय खन्ना(होशियारपुर) : महोदय, देश की अर्थव्यवस्था को चलाने के लिए विभिन्न करदाताओं का काफी योगदान है। देश का विकास, देश की सुरक्षा, देश में शिक्षा, रोजगार एवं अन्य विकास कार्यों को पूरा करने के लिए देश का करदाता अपना योगदान देता है, परन्तु सरकार द्वारा उस करदाता को अपेक्षित सम्मान नहीं मिलता। अधिक कर देने वालों को सरकारी समितियों में लेना, करदाता को सरकारी कार्यक्रमों में सम्मानित करना, व्यापार बंद हो जाने पर, बीमार हो जाने पर या मृत्यु हो जाने पर ऐसे करदाताओं की सामाजिक सुरक्षा का जिम्मा सरकार ले एवं उनके द्वारा जमा कर करदाताओं की सामाजिक सुरक्षा पर लगे।